भारत में 3 से 9 मिलियन लोग हेपेटाइटिस C से संक्रमित : स्वास्थ्य मंत्रालय

drishtiias.com/hindi/printpdf/over-3-9-million-indians-infected-with-hepatitis-says-health-ministry

संदर्भ

हाल ही में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, भारत में 3-9 मिलियन लोग सक्रिय हेपेटाइटिस C वायरस (Hepatitis C virus -HCV) से संक्रमित हैं।

प्रमुख बिंदु

- एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (Integrated Disease Surveillance Programme -IDSP) के जनादेश के तहत लखनऊ स्थित संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ ने पुराने प्रकाशित अध्ययनों और अप्रकाशित विश्वसनीय डेटा सेट में उपलब्ध जानकारी के माध्यम से भारतीयों के बीच HCV संक्रमण के प्रसार का आकलन करने के लिये इसकी व्यवस्थित समीक्षा की।
- डेटा का मूल्यांकन गुणवत्ता के लिये और आयु, लिंग, जोखिम कारकों एवं क्षेत्रों के अनुसार समग्र HCV संक्रमण के प्रसार का आकलन करने हेतु किया गया था।
- इस डेटा के विश्लेषण से अनुमान लगाया गया है कि 1.3 अरब की वर्तमान आबादी वाले भारत में 5.2 मिलियन से लेकर 13 मिलियन लोग एंटी-HCV पॉज़िटिव हैं जिसका अर्थ है कि ये लोग अतीत में हेपेटाइटिस C वायरस से संक्रमित थे।

हेपेटाईटिस नियंत्रण के लिये सरकार की पहल

- हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 2030 तक देश से हेपेटाइटिस वायरस का उन्मूलन करने के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम शुरु किया।
- सरकार ने यह कार्यक्रम अगले तीन वर्षों के लिये 600 करोड़ रुपए के बजट के साथ शुरू किया।
- मंत्रालय ने पहले ही वायरल हेपेटाइटिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिये एकीकृत पहल के तहत दिशा-निर्देश (Integrated Initiative for Prevention and Control of Viral Hepatitis Operational Guidelines) जारी कर दिये हैं।
- राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सरकार भारत में बीमारी के व्यापक प्रसार को ध्यान में रखते हुए, निदान और उपचार सहित वायरल हेपेटाइटिस के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेगी।
- इस कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की भागीदारी सहित विभिन्न प्रकार के हेपेटाइटिस के निदान और उपचार समबंधी प्रावधान शामिल होंगे।

वायरल हेपेटाइटिस एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या

वायरल हेपेटाइटिस को भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना जा रहा है। सामान्य जनसंख्या में एंटी-हेपेटाइटिस C वायरस एंटीबॉडी का प्रसार 0.09% से 15% के बीच होने का अनुमान है। HCV संक्रमण में 12-32% हेपेटोसेल्युलर कार्सिनोमा (hepatocellular carcinoma -HCC) और 12-20% सिरोसिस होता है।

हेपेटाइटिस सी

- हेपेटाइटिस C या 'यकृतशोध ग' एक संक्रामक रोग है जो हेपेटाइटिस C वायरस (HCV) के कारण होता है और यकृत (Liver) को प्रभावित करता है।
- यह आमतौर पर रक्त से रक्त के संपर्क के माध्यम से प्रसारित होता है।
- इसका संक्रमण यकृत को तेज़ी से नुकसान पहुँचाता है और अधिक क्षतिग्रस्तता (सिरोसिस) की ओर अग्रसर हो सकता है। सिरोसिस आमतौर पर कई वर्षों के बाद प्रकट होता है।
- सिरोसिस से पीड़ित रोगियों में से कुछ में यकृत कैंसर या अन्य जानलेवा समस्याएँ एसोफेजेल वराइसेस तथा गैस्ट्रिक वराइसेस (Oesophageal and gastric varices) विकसित हो सकती हैं।